<u>बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना</u>

<u>विज्ञप्ति संख्या– PR………./2022</u>

**सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई में कक्षा– XI (सत्र 2022–24) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा, 2022 के लिए समिति की वेबसाईट पर अभ्यर्थियों का Dummy Admit Card ऑनलाईन जारी करने, त्रुटि सुधार करने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई में कक्षा– XI (सत्र 2022–24) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा 2022 में सम्मिलित होनेवाले सभी अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र जमा किया गया है, वैसे अभ्यर्थियों को त्रुटि सुधार हेतु Dummy Admit Card समिति के वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर दिनांक 27.09.2022 से दिनांक 29.09.2022 तक उपलब्ध रहेगा । सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि अपने यूजर आई0 डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर उक्त परीक्षा का डम्मी प्रवेश–पत्र दिनांक 27.09.2022 से दिनांक 29.09.2022 तक डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

2. डम्मी प्रवेश पत्र में अगर किसी प्रकार की त्रुटि (यथा–अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, विद्यालय का नाम, पता, जन्मतिथि, लिंग, जाति कोटि, फोटो, आधार नं0 एवं मोबाईल नं0) हो तो संबंधित अभ्यर्थी समिति के http://secondary.biharboardonline.com पर पर अपने यूजर आई0 डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से त्रुटि का सुधार दिनांक 27.09.2022 से दिनांक 29.09.2022 तक निश्चित रूप से कर लें ।

3. जिन अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र त्रुटि पूर्ण/अधूरा भरा गया है तथा परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है, वैसे अभ्यर्थियों की सूची समिति के बेवसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर उपलब्ध है । वैसे अभ्यर्थी दिनांक 27.09.2022 से दिनांक 29.09.2022 तक अपना त्रुटिपूर्ण/अधूरा आवेदन पत्र में सुधार कर सकते हैं तथा परीक्षा शुल्क की राशि जमा कर सकते हैं।

4. निर्धारित अवधि तक परीक्षा शुल्क जमा नहीं करने वाले /अपूर्ण परीक्षा आवेदन–पत्र भरने वाले अभ्यर्थियों का आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित अभ्यर्थी की होगी ।

5. उक्त अवधि के बाद किसी प्रकार की त्रुटि का सुधार करने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा ।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।